# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026





ADMISSION OPEN

# EDUCATION

ADMISSION OPEN

## THE FOUNDATION OF SUCCESS

शिक्षा मानव जीवन का वह प्रकाश है, जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। यह केवल किताबों तक सीमित ज्ञान नहीं, बल्कि व्यक्ति के सोचने-समझने की क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता और जीवन जीने की कला को विकसित करती है। आज के आधुनिक और प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा हर व्यक्ति के लिए सफलता, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन का सबसे मजबूत आधार बन चुकी है।

### शिक्षा सफलता की नींव है

मनुष्य के जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। शिक्षा केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोच, व्यवहार और जीवन के मूल्यों को भी विकसित करती है। शिक्षा ही वह आधार है, जिस पर व्यक्ति अपने उज्ज्वल भविष्य और सफलता की इमारत खड़ी करता है। बिना शिक्षा के जीवन अधूरा और दिशाहीन माना जाता है।



### शिक्षा से आर्थिक सशक्तिकरण

शिक्षा व्यक्ति को बेहतर रोजगार और व्यवसाय के अवसर प्रदान करती है। शिक्षित व्यक्ति अपनी योग्यता और कौशल के आधार पर अच्छी आय अर्जित कर सकता है, जिससे उसका जीवन स्तर सुधरता है। शिक्षा गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और व्यक्ति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाती है।

### शिक्षा का महत्व

शिक्षा मनुष्य को सही और गलत में अंतर समझने की क्षमता प्रदान करती है। यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और उसे समाज में सम्मान दिलाती है। शिक्षित व्यक्ति अपने अधिकारों और कर्तव्यों को बेहतर तरीके से समझता है और समाज के विकास में योगदान देता है। शिक्षा से ज्ञान बढ़ता है, जिससे व्यक्ति नई-नई संभावनाओं और अवसरों को पहचान पाता है।



### शिक्षा से सामाजिक जागरूकता

शिक्षा समाज में समानता और जागरूकता को बढ़ावा देती है। यह लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत बनाती है। शिक्षित व्यक्ति सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव और अंधविश्वास के खिलाफ आवाज उठाने में सक्षम होता है, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

### सफलता की कुंजी

सफलता पाने के लिए मेहनत, लगन और अनुशासन आवश्यक होते हैं, लेकिन इन सभी को सही दिशा देने का कार्य शिक्षा करती है। शिक्षा व्यक्ति को लक्ष्य निर्धारित करना और उसे प्राप्त करने की योजना बनाना सिखाती है।

आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के बिना सफलता की कल्पना करना कठिन है। चाहे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक या प्रशासनिक अधिकारी बनना हो, हर क्षेत्र में शिक्षा ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है।

### समाज और राष्ट्र निर्माण में भूमिका

शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की पहचान होता है। जब समाज के लोग शिक्षित होते हैं, तो वे सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और भेदभाव को समाप्त करने में सक्षम होते हैं। शिक्षा लोगों में जागरूकता लाती है और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाती है। एक शिक्षित नागरिक देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाता है।

### शिक्षा से तकनीकी और नवाचार विकास

आज के डिजिटल युग में शिक्षा तकनीकी ज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देती है। शिक्षित व्यक्ति नई तकनीकों को समझकर उनका सही उपयोग कर सकता है। इससे नए आविष्कार और विकास के रास्ते खुलते हैं, जो समाज और देश की प्रगति में सहायक होते हैं।

### शिक्षा से नैतिक और चारित्रिक विकास

शिक्षा व्यक्ति के भीतर नैतिक मूल्यों और अच्छे संस्कारों का विकास करती है। यह व्यक्ति को ईमानदारी, अनुशासन, सहनशीलता और जिम्मेदारी का महत्व सिखाती है। शिक्षित व्यक्ति न केवल अपने जीवन में सही निर्णय लेता है, बल्कि समाज में आदर्श नागरिक बनकर दूसरों के लिए प्रेरणा भी बनता है।

### शिक्षा से व्यक्तित्व विकास

शिक्षा व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करती है। यह व्यक्ति को जीवन की चुनौतियों का सामना करने की ताकत देती है। शिक्षा से व्यक्ति में नैतिक मूल्यों का विकास होता है, जिससे वह समाज में आदर्श नागरिक बन सकता है।

अंततः कहा जा सकता है कि शिक्षा वास्तव में सफलता की नींव है। यह व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है और उसे आत्मनिर्भर तथा जागरूक बनाती है।

इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा के महत्व को समझते हुए इसे अपनाना चाहिए, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही अपने जीवन के साथ-साथ समाज और राष्ट्र को भी नई दिशा दे सकता है।


































तापमान
अधिकतम 30.9 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

05 वरिष्ठजनों की संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के वर्तमान हालात पर की गई चर्चा


06 भगवान श्रीराम का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत : कीर्ति नायक





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ली पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक

# चिटफंड का शिकार हुए 4601 निवेशकों का 7.38 करोड़ रुपए लौटाया गया, चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक दुर्ग के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में हुई। बैठक में चलाई जा रही योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की स्थिति की समीक्षा की गई।

उन्होंने कहा कि बजट का सही समय पर और पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। विकास कार्यों, सेवाओं और कार्यक्रमों का बेहतर संचालन करते हुए सीधे तौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र के हित को ध्यान में रखकर सभी स्वीकृत निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण करें। वित्तीय वर्ष 2020-21 से लेकर वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों, विकास कार्यों की जिलेवार समीक्षा की। समीक्षा बैठक में ऐसे विकास कार्य जो अप्रारंभ एवं प्रगतिरत है, ऐसे विकास कार्यों को दो महीने की समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। राज्य के पिछड़ा वर्ग वाले 35 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। प्रमुख रूप से शिक्षा और छात्रावासों पर जोर दिया गया है। मंत्री गजेंद्र यादव ने उन्हें अवगत कराया कि प्रदेश के 9 हजार हायर सेकंडरी और हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास बनाए जा रहे हैं। समग्र शिक्षा मिशन के अंतर्गत यह कार्य शुरू किया गया है। शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई है। विष्णु देव साय ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि 31 मार्च तक प्रदेश नक्सल मुक्त होगा। इसे लेकर युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए चर्चा हुई। छात्रावासों का उन्नयन, प्रदेश में स्थित ओबीसी छात्रावासों के रख-रखाव और वहां सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में पिछड़ा वर्ग वाले क्षेत्रों के विकास के लिए कार्ययोजना भी तैयार की गई।




### यश चिटफंड कंपनी के हितग्राहियों को लौटाई गई राशि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में आईटी पार्क पार्क की आधारशीला रखी गई। 40 आईटी कंपनियों और आईटी के निदेशकों के बीच एमओयू पर अनुबंध हुआ। इससे आईटी शिक्षा के क्षेत्र ऐतिहासिक कदम साबित होगा। विष्णु देव साय की उपस्थिति में यश चिटफंड कंपनी के निवेशकों को उनके द्वारा निवेश किए गए राशि का चेक भेंट किया गया। इसके अंतर्गत 4601 हितग्राहियों को 7.38 करोड़ की राशि का चेक प्रदाय किया गया। प्रतीक स्वरूप मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हितग्राहियों को लाभांवित किया। यह दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन आमजनों के हित के साथ कदम मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि आमजनों के साथ धोखाधड़ी करने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जाएगा। भ्रष्ट व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

### अधिक ओबीसी वाले क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का होगा विस्तार

रोजगार और कौशल विकास पर मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पिछड़ा वर्ग के युवाओं को केवल सरकारी योजनाओं पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनाया जाए। बैठक में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया। ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में जहां ओबीसी आबादी अधिक है, वहां सड़कों, सामुदायिक भवनों और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए फंड आवंटित करने के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण की भूमिका केवल बजट आवंटित करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सचिव सुबोध कुमार सिंह, वासवराजू सहित 17 जिलों के कलेक्टर मौजूद थे।

### वीबी-जी राम जी योजना का सफल क्रियान्वयन के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को हुई बैठक में वीबी-जी राम जी योजना को ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में क्रांतिकारी योजना बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई यह योजना एक नई ग्रामीण रोजगार योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका को बढ़ावा देना है। यह योजना मनरेगा की जगह पर शुरू की गई है और इसमें कई नए प्रावधान किए गए हैं। इसमें रोजगार की गारंटी के तहत ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिनों का रोजगार दिया जाएगा, जो पूर्व में केवल 100 दिवस रोजगार प्रदाय करता था। मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा। 2026-27 के लिए बजट 95,692.31 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। पूर्ववर्ती बजट 88,000 करोड़ था।




## खबर संक्षेप

### पशु क्रूरता और मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** पशु क्रूरता के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना जलेबी चौक के पास सुंदर नगर नाला के पास की है। आरोपी ने लोहे के हथौड़े से पालतू पशु को बुरी तरहा मारा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छावनी पुलिस ने आरोपी छावनी निवासी बाबूराव उर्फ पंडू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 48 लाख की ठगी करने वाला आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के लिए पीड़ित के पास आए लिंक को ओपन किया। जिसमें विभिन्न किस्तों में 48.67 लाख 500 रुपए का ठगी की गई। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर पूर्व में आंध्रप्रदेश के जिला अनकापल्ली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अहमदनगर जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में संचालित ट्रस्ट के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कराई गई थी। इस दौरान पुलिस ने संगनमेयर, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र निवासी मनोहर लक्ष्मण मोरे को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड जब्त किया है।

### दफनाया गया महिला का शव, विवाद सुलझा

**भिलाई।** महिला के शव दफनाने को लेकर अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम जंजगिरी में हुआ विवाद सुलझ गया है। अंडा थाना पुलिस के अनुसार महिला के शव को उतई थाना अंतर्गत मचांदुर में दफनाया गया है। पुलिस के अनुसार शव दफनाने की जगह को लेकर दो समुदाय में विवाद इतना बढ़ गया कि गांव में पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। गांव के विशेष समुदाय की महिला का निधन हो गया था। परिवार के लोग महिला को उसी स्थान पर दफनाना चाहते थे, जहां उनके पूर्वजों को वर्षों से दफनाया जाता रहा है। बताया गया कि वह जमीन अब निजी स्वामित्व में है और उसे दूसरे व्यक्ति को बेचा जा चुका है। एक समुदाय के लोग इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से बातचीत करते हुए समझाइश दी गई। शव दफनाने आए पक्ष के परिवार वालों को स्पष्ट किया गया कि जिस स्थान पर दफनाने की तैयारी थी, वह अब प्राइवेट जमीन है। इसलिए वहां अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी जा सकती। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में आपसी सहमति से दफनाया गया।

कुम्हारी थाना क्षेत्र की घटना

## लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम कुगड़ा कुम्हारी निवासी नितेश देवांगन ने पुलिस को सूचना दी कि वह ज्वेलरी खरीदकर घर लौट रहा था। कुगड़ा रोड में सार्थक होम के पास तीन अज्ञात युवक आए। उन्होंने धारदार हथियार दिखाकर उससे सोने की ज्वेलरी व नगदी लूटी और फरार हो गए। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस पुलिस जांच में जुट गई। सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर पाया गया कि पीड़ित ने जहां घटना स्थल और समय बताया वहां उस तरह की कोई वारदात नहीं हुआ है। पुलिस ने जब आगे जांच की तो पाया कि नीतेश देवांगन को व्यापार में काफी नुकसान हुआ था। इसलिए उसने बीमा से मुआवजा राशि लेने के लिए अपने साथ लूट की झूठी शिकायत की। पुलिस ने नीतेश के पास से सोने की ज्वेलरी 7 जोड़ी टाप्स, 5 जोड़ी बाली जिसका वजन 30 ग्राम है जब्त किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



- ज्वेलरी खरीदकर लौटते समय दिया घटना को अंजाम

## कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह का सरगना पकड़ाया



**भिलाई।** बीएसपी में कॉपर चोरी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ने जलभवन के पीछे स्थित प्रोपेन प्लांट क्षेत्र से कॉपर वायर चोरी करने वाले स्टेशन मरोदा उत्कल नगर निवासी आरोपी संतोष निषाद ने चोरी की सारी जानकारी पुलिस को दी। इस दौरान पुलिस ने तांबा तार चोर गिरोह के सरगना संगम चौक स्टेशन मरोदा निवासी शत्रुघन धनकर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पुलिस को बताया कि बीएसपी की बाउंड्री वॉल पार कर भीतर प्रवेश कर वाहन कार सीजी -04-ई-9100 में 210 किलो ग्राम कॉपर स्क्रैप वायर लोड कर चोरी करना स्वीकार किया। जिसकी कीमत 1.36 लाख 500 रुपए आंकी गई है।

पीडब्ल्यूडी में पदस्थ कर्मी

## नाबालिग के साथ गैंगरेप मामले में यूपी से राजू पुलिस पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नाबालिग के साथ गैंगरेप मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि फरार आरोपी सेक्टर 5 निवासी कृपाशंकर उर्फ राजू कश्यप को गोरखपुर यूपी से पकड़ा गया है। राजू पीडब्लूडी विभाग में टाइम कीपर के पद पर पदस्थ है। राजू को गिरफ्तार कर पुलिस की टीम गोरखपुर से भिलाई के लिए निकल चुकी है। आरोप है कि राजू ने पीड़िता व उसकी मां को मकान दिलाया था, वर्ष 2018 में गोविंद सिंह ठाकुर के क्वाटर में ले जाकर अनाचार किया था। जुलाई 2023 में राजू कश्यप ने उसे पीड़िता को फोन कर नौकरी का झांसा दिया और पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बुलाया। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक बीएन (भीम नारायण)पांडेय उसे नौकरी दिलाने में मदद की। आरोपी पांडेय ने पीडबल्यूडी में फोन कर अफसरों को निर्देशित किया था। रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस में हर जगह बीएन पाण्डेय ने अपना प्रभाव दिखाया। नौकरी की वजह से पीड़ित दबाव में थी। आरोपी उससे वाट्सऐप पर न्यूड वीडियो मंगवाने लगे। आरोपी उसे स्टाफ ग्रुप में वीडियो वायरल करने की धमकी देते लगे। इस तरह से पीड़िता को लंबे समय तक डराके रखे रहे और उसके साथ गैंगरेप करते रहे। इसके बाद आरोपियों ने अलग-अलग जगह पर पीड़िता को उसे बुलाकर कथित तौर पर गैंगरेप करते रहे। इस दौरान भी पीड़िता का फोटो-वीडियो बनाए गए। इसके अलावा पीड़िता लॉकडाउन लगने के बाद बिलासपुर चली गई थी। 6 महीने बाद उसे फिर दुर्ग लाया गया। इस तरह से आरोपियों ने नाबालिग के आबरु से खेलते रहे।



### ठेकेदार संजय करता था होटल की व्यवस्था

खबरों के मुताबिक वैशाली नगर निवासी पीडब्लूडी ठेकेदार संजय पंडित होटल और रेस्ट हाउस की व्यवस्था करता था।नौकरी से हटवाने का डर दिखाकर अनाचार किया। राजू कश्यप, संजय को पूरी तरीके से बीएन पाण्डेय ही संरक्षण दे रखा था। पीडब्ल्यूडी में संविदा नौकरी लगवाने के बाद से हर अवकाश के दिन नाबालिग को बुलाकर गैंगरेप करते थे। इसके अलावा आरोपी वाट्सअप पर कॉल के जरिए न्यूड फोटो और वीडियो की मांग करते थे। मना करने पर परिवार को बताने की धमकी भी दिया करते थे। 2024 में आरोपी अनिल चौधरी अपने ऊंचे पहुंच का रौब दिखाया करता था। अगस्त 2024 को पीड़िता को कवर्धा लेकर गए जहां के रेस्ट हाउस में शोषण किया गया। इसके बाद आरोपियों ने पाटन रेस्ट हाउस का भी उपयोग करने की जानकारी मिली है।

## राशनकार्डधारी 28 फरवरी तक करा सकेंगे ई-केवाईसी

**दुर्ग।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड (वन नेशन वन राशनकार्ड) योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 4,96,354 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में 16,86,164 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में 14,86,690 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो गया है। 1,99,474 लाख सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवाईसी में छूट दिया गया है। खाद्य नियंत्रक दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से भी ई-केवाईसी की जा सकती है। मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से ई-केवाईसी करने हेतु एन्ड्रायड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर फॉर्मेल्टी जमा करनी होगी।

## स्कूलों से दर्जनभर टीचर मिले गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्कूलों में परीक्षाओं की तैयारी करवाने के बजाय टीचर गैरहाजिर मिल रहे हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में शुक्रवार को दर्जनभर शिक्षक और शिक्षिकाएं गैरहाजिर मिली। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा देने के बाद भी कई शिक्षकों ने आवेदन ही नहीं दिया। पढ़ाई करवाने के बजाय स्टॉफ रूम में गप्पे मारते भी टीचर मिले। सभी लापरवाह शिक्षक व शिक्षिकाओं को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

डीईओ के निरीक्षण में हुआ खुलासा




### पढ़ाने के बजाय गप्प हांकते मिले

पाटन स्वामी आत्मानंद स्कूल के कक्षा 11 वी ने अर्थशास्त्र के कालखण्ड के दौरान व्याख्याता त्रिवेणी साहू स्टाफ रूम में बैठी मिली। । यहां ज्यादातर शिक्षक कक्षा में जाने के बजाय स्टाफ रूम में बैठे पाये गये। कक्षा 10 वी में दर्ज संख्या 60 से 30 ही उपस्थित पाये गये तथा कक्षा 12 वी में एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे जबकि सभी प्राचार्यों को बैठक ने स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि परीक्षा के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। शाला परिसर में गंदगी पाई गयी जिस प चेतावनी देते हुए उपरोक्त अनियमितताओं के लिए संस्था प्रमुख को नोटिस जारी किया गया है।

### पाटन का भी किया निरीक्षण

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कन्या पाटन के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कल्पना वर्मा और पूजा अग्रवाल बिना अवकाश आवेदन के अनुपस्थित मिली। आनलाईन अवकाश आवेदन का परीक्षण करने पर भी आवेदन नहीं होना पाया गया। आरती यादव सहायक प्रेरक का माह फरवरी के प्रारंभ से निरीक्षण दिनांक तक उपस्थिति पंजी ने हस्ताक्षर नही पाये गये और न ही संस्था प्रमुख द्वारा उपस्थिति को अद्यतन किया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला केसरा में 82 दर्ज संख्या में 4 शिक्षक कार्यरत है। जिसने टोमन लाल साहू, गौकरण कुमार धौदर बिना सूचना/आवेदन के अनुपस्थित पाये गये । शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल केसरा के निरीक्षण दौरान संस्था प्राचार्य प्रतिभा गौर्यबिना अवकाश आवेदन के अनुपस्थित पाई गई। एनपी देवांगन, सहायक ग्रेड दो बिना कोई सूचना के अनुपस्थित पाये गये। पूर्व माध्यमिक शाला कंसरा के सभी शिक्षक स्टाफ रूम में बैठे पाए परिसर मे खेलते पाये गये, जिस पर नोटिस जारी किया गया है।

धान खरीदी पूरी | जिले में अब कुल 558778 मीट्रिक टन हुई धान खरीदी

## मियाद बढ़ने से दो दिन में 1291 किसानों ने 4687 मीट्रिक टन धान बेचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी की मियाद दो दिन और बढ़ाए जाने से दुर्ग जिले के 1291 किसानों को बड़ी राहत मिली। इन किसानों ने 4687 मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्रों में बेचा।

इससे जिले में अब कुल 558778 मीट्रिक टन धान खरीदी हो गई है। सरकार ने 31 जनवरी तक धान नहीं बेच पाने वाले किसानों के लिए 5 और 6 फरवरी को भी धान खरीदी करने की हिदायत दी थी। 31 जनवरी तक जिले में 557889 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई थी। हालांकि प्रशासन द्वारा धान खरीदी का टारगेट 616435 मीट्रिक टन रखा गया था।



### सत्यापन होने के बाद मियाद हो गई थी खत्म

दुर्ग जिले में लिमिट बढ़ाई गई थी। किसानों को यह कहा गया था कि जो धान नहीं बेच पाए हैं वे आवेदन करें। आवेदन का सत्यापन नायब तहसीलदार और पटवारी के द्वारा करवाया गया कि आवेदक किसान का वास्तविक रकबा कितना है जिसमें उपज ली है। इस प्रक्रिया में समय लगा और 31 जनवरी की अंतिम खरीदी तिथि पर सत्यापन होने के बाद भी किसान अपनी उपज नहीं बेच पाए थे। ऐसे किसान ही बढ़ाई गई दो दिन में अपनी उपज बेच पाए।

### उपार्जन केंद्रों से 40 प्रतिशत धान का उठाव

दुर्ग जिले में 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही थी। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव अब तक 40.23 प्रतिशत ही हो पाया है। धान खरीदी पूरी हो जाने के बाद धान का उठाव प्रशासन के लिए एक चुनौती बना हुआ है। प्रशासन ने हालात को देखते हुए पांच संग्रहण केंद्र भी खोले हैं। उपार्जन केंद्रों से उठाव शुरू हो गया है।

### उपार्जन केंद्रों से ज्यादा धान खरीदी

उपार्जन केंद्र फुंडा में 106501 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केंद्र डीडाभाठा में 102951 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। कोड़िया में 99564 मीट्रिक टन धान किसानों ने बेचा है। उपार्जन केंद्र बटरेल में 90873 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र अंडा में 84266 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र औंधी में 93091 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र कुर्मीगुंडरा में 75490 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र जामगांव आर में 84337 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र निकुम में 76759 मीट्रिक टन की धान खरीदी की गई है।

### उपार्जन केंद्रों में 3341424 मीट्रिक टन धान डंप

जिले के उपार्जन केंद्रों में अब भी 3341424 मीट्रिक टन धान डंप पड़ा है। इन उपार्जन केंद्रों से धान उठाव के लिए जिले के राइस मिलरों से अनुबंध किए गए हैं। राईस मिलरों द्वारा परिवहन में तेजी लाने की हिदायत दी गई है लेकिन उठाव में देरी होने की वजह से उपार्जन केंद्रों में धान की मात्रा अधिक है। जिले के 87 समितियों द्वारा उपार्जन केंद्रों में पड़े धान की सुरक्षा व्यवस्था करवाई जा रही है। बारिश से लेकर चोरी और चूहों आदि से सुरक्षा के उपाय करने की हिदायत दी गई है।

**बढ़ी धान खरीदी**

प्रदेश सरकार द्वारा 5 व 6 फरवरी को धान खरीदी करने की हिदायत दी गई थी। इस अवधि में पहले से पंजीकृत किसानों का ही धान खरीदी की गई है। जिन किसानों ने धान बेचने के लिए आवेदन दिया था उनका वेरीफिकेशन किया गया और मौका दिया गया। इससे जिले में धान खरीदी बढ़ी है।
-सुनील कुमार वर्मा, सीईओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक

लाइव इवेंट

## यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, विनर को मिलेगा एक लाख रुपए का इनाम



**भिलाई।** हुडको यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा यूनिटी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय क्रिकेट स्टेडियम में किया गया है। 8 फरवरी को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। टूर्नामेंट में विजेता टीम को एक लाख रुपए व रनरअप को 50 हजार रुपए की प्राइज मनी व ट्रॉफी दी जाएगी। टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर बीएम शाह हॉस्पिटल के डायरेक्टर अरुण मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु पाठक व अनिल सारण मंच पर उपस्थित थे।

- लाइव बालाजी टीम ने जीता टूर्नामेंट का पहला मैच, होडको में हो रही प्रतियोगिताएं

टूर्नामेंट का पहला मैच 108 लाइव बालाजी टीम ने जीता। इस मैच में मैन ऑफ द मैच राज ठाकुर बने। दूसरा मैच चक दे बॉयस बिलासपुर ने जीता। इस मैच में शिखर चतुर्वेदी मैन ऑफ द मैच बने। तीसरे मैच में फिर से 108 लाइव बालाजी टीम ने जीत दर्ज की। इस मैच में भी मैन ऑफ द मैच राज ठाकुर बने। आयोजन समिति द्वारा मैन ऑफ द मैच के रूप में 2222 रुपए की प्राइज मनी दी गई। मुख्य अतिथि बीएम शाह हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अरुण मिश्रा ने बालाजी एलेवन के खिलाड़ी को अच्छा खेल दिखाने के लिए 500 रुपए प्रोत्साहन स्वरूप दिए। इस मौके पर डॉक्टर अरुण मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि क्रिकेट बचपन से उनका पसंदीदा खेल रहा है। उन्होंने कहा कि यंग एज में वे भी क्रिकेट खेलते थे और टूर्नामेंट में भी खेले। अरुण मिश्रा ने कहा कि अभी वे मेडिकल फिल्ड में हैं और वे समझते हैं कि स्वास्थ्य के लिए खेल कितना जरूरी है। खेल से फिटनेस स्ट्रॉन्ग रहता है। विष्णु पाठक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खासकर क्रिकेट हर किसी का पसंदीदा होता है। हुडको के खूबसूरत स्टेडियम में आयोजित इस टूर्नामेंट में प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से टीमें पहुंची हैं। सभी के पास मौका है कि वे अपना सर्वोत्तम खेल दिखाए और इस ट्रॉफी पर कब्जा जमाए। मंच संचालन प्रतीक शर्मा ने किया।

- रोज, ग्लोरीबंडा, पैंजी, कैलेंडुला जैसे कई प्रजाति के फूलों की होगी बहार

# मैत्रीबाग में फ्लावर शो कल, साठ हजार प्रकृति प्रेमियों को लुभाएगी इंद्रधनुषी फूलों की रंगत

मैत्रीबाग में कल रविवार को आयोजित मेगा फ्लवार शो की तैयारी जोरशोर से चल रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में इस बार कई मौसमी फूलों के साथ कुछ बड़े आकार के फल और सब्जियों सहित 30 फीट के टाईगर सहित कई वन्य प्राणियो की कलाकृतियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी । पैंतालीसकैटेगरी में हो रही इस पुष्प प्रदर्शन के शो में 8 सौ से अधिक प्रतिभागियों के लेने के आसार हैं। अब तकपुष्पोत्सव का नजारा करीबन 60 से 70 हजार दर्शक लेने की संभावना है।मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्त रंजन महापात्र और विशेष अतिथि ईडी पवन कुमार, राकेश कुमार और मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता होंगे।



**भिलाई।** फ्लावर शो के लिए मैत्रीबाग को फूलों, बिजली की झालरों और वन्य प्राणियों को मोहक कलाकृतियों से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। प्रदर्शनी स्थल पीपल गार्डन और पुरस्कार वितरण समारोह लांन कैंडल गार्डन सहित उद्यान वाटिकाओं और चिड़ियाघर काम्पलेक्स को नीट एंड क्लीन तथा सजावट विभागीय कर्मचारी जुटे हुए हैं। दर्शक शो का भूरपूर इंजाय कर सकें, इसके लिए विभाग द्वारा व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। फूलों व सब्जियों की प्रदर्शनी की अनेक प्रस्तुतियों व औषधियों, शो प्लांट्स आदि के स्टाल्स के लिए भव्य पंडालों को अंतिम टज दिया जा रहा है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि दर्शकों की सुविधा के लिए इस बार पीडीएम व 20 कैश काउंटर स्थापित किए जा रहे हैं।

सुव्यवस्था के लिए 25 सिक्योरिटी गार्ड, 50 पुलिस व 25 सीआईएसफ जवान और विभागीय कर्मियों सहित 100 वालिंटियर तैनात रहेंगे। दर्शको की इंट्री मेन गेट व वरिष्ठ अधिकारी जवाहर उद्यान से प्रवेश करेंगे। ग्रीन कारपेट से तैयार 30 फीट ऊंचा टाइगर, 22 फीट के बारह सिंगा सहित मोर, हिरण, जिराफ, बतख, कछवा आदि कलाकृतियां भी लोगों को रोमांचित करेंगी, जिन्हें स्थाई स्टेचू के रुप में स्थापित किया जा रहा है।

### 45 श्रेणियों की स्पर्धा में दिखेंगे तरह तरह के फूल



फ्लावर शो में इस बार विभिन्न प्रजाति के गुलाब, ग्लोरीबंडा, पैंजी, कैलेंडूला, डहलिया आदि फूलों सहित बुके, उद्यान गमले आदि की 50 वर्गों में आयोजित इस पुष्प प्रदर्शनी में बीएसपी और नॉन-बीएसपी के रेसीडेंशियल हाउस गार्डन (सेक्टर 1 से 10), हॉस्पिटल सेक्टर, मरोदा सेक्टर, रिसाली तथा रुआबांधा क्षेत्र व प्रतिभागी भाग ले रहें हैं। हाईस्कूल और मिडिल स्कूल (बीएसपी/नॉन-बीएसपी) के स्कूल गार्डन, पॉटेड प्लांट, फ्लोरल डेकोरेशन, फल और सब्जियों से बने मॉडल, रंगोली, फल व सब्जियों की विशेष प्रदर्शनी, माला व गुलदस्ते तथा सलाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों को अपने गमले, फूल एवं प्रदर्शनी सामग्री 8 फरवरी को शाम 7 बजे से पूर्व नहीं हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक 6 सौ प्रतिभागी पंजीयन करवा चुके हैं व 50 से अधिक उद्यानों का सर्वे हो चुका है। रंगोली में 40 प्रतिभागी हैं।

### शाम को होगा पुरस्कार समारोह

सुबह नौ बजे से आयोजित फ्लावर शो का पुरस्कार वितरण समारोह शाम 4 बजे मोमबत्ती गार्डन में होगा। मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्र ईडी पवन कुमार, राकेश कुमारी व सीजीएम उत्पल दत्ता आदि अधिकारियों से साथ प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। किंग ऑफ द शो' और 'क्वीन ऑफ द शो' सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर बीएसपी स्कूलों के बच्चों व कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जाएगा।



लाइव इवेंट

## गनियारी महोत्सव में आठ राज्य के कलाकार होंगे शामिल



**भिलाई।** गुरु घासीदास कला एवं साहित्य विकास समिति के द्वारा संस्कृति विभाग छ.ग. शासन के सहयोग से दो दिवसीय गनियारी लोककला महोत्सव का आयोजन 7 -8 फरवरी को भिलाई तीन स्थित गनियारी में आयोजित है। संयोजक व महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि महोत्सव में असम, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश के 500 कलाकार शामिल होंगे। शुरुआत 7 फरवरी को सुबह 10 बजे से होगी। जिसमें आसन परिवार चौंका पार्टी बाराडेरा जिला रायपुर, सात ज्योति पंथी नृत्य डुमर जिला दुर्ग, सुर सुरभि पंडवानी मड़ेली जिला गरियाबंद, जय बाबा रुखड़ नाथ जस झांकी नारधा जिला दुर्ग, संगी के मया नाचा पार्टी इंदामारा जिला राजनांदगांव, लोक संगीत कंचन जोशी, रामदास मानस परिवार बंदौरा जिला कबीरधाम, सफुरा माता बालिका पंथी दल उमरपोटी, कांति बसु लोक रजनी फाक परिवार दैहान बांधा जिला मानपुर मोहला, जय राधा कृष्ण राऊत नाच मंडली खजरी जिला राजनांदगांव, ईशरदेव पूरन जस झांकी बघेरा जिला दुर्ग, विरेन्द्र चतुर्वेदी,सुनील सोनी नाइट के अलावा अन्य प्रदेश के पारंपरिक लोकनृत्य असम से बिहू, राजस्थान से कालबेलिया नृत्य, महाराष्ट्र से लावणी , हरियाणा से घुमर नृत्य, मध्यप्रदेश से राई नृत्य, गुजरात से सिद्धि धुमाल, ओडिशा से संबलपुरी नृत्य, उत्तर प्रदेश मथुरा से ब्रज की होली एवं दक्षिण भारत से भरतनाट्यम की विशेष प्रस्तुति होगी।

- दो दिवसीय महोत्सव है , 7-8 फरवरी को है आयोजन

### पूर्व सीएम व अहिवारा विधायक समेत अन्य पहुंचेंगे

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डोमनलाल कोर्सेवाड़ा विधायक अहिवारा, अध्यक्षता पद्मश्री डॉ आर एस बारले, विशिष्ट अतिथि सतीश साहू, राम खिलावन वर्मा, सीता साहू, इंद्रजीत सिंह छोटू, सुनील मौर्य, अशोक अग्रवाल, पंकज सिंह है। समापन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता पूर्व मंत्री डॉ शिव डहरिया, विशिष्ट अतिथि सभापति कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, सुरेश धिंगानी, समाजसेवी देवेन्द्र छतिजा मौजूद थे। सम्मान समारोह समाज सेवा एवं लोक कला पद्मभूषण डॉ तीजन बाई, पद्मश्री डॉ आर एस बारले, साहित्य दास मनोहर, रचनाकार सुरेंद्र डहरिया, वरिष्ठ पंथी कलाकार गीता बंजारे, लोक कलाकार तुषांत बारले, नाचा कलाकार अजय उमरे, सेना जवान राकेश साहू, पत्रकार रोमशंकर यादव, लोक कलाकार मोनिका वर्मा का सम्मान किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनने और संतुलित जीवन जीने के बताए तरीके

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, लायंस क्लब भिलाई पिनेकल और लियो क्लब समर्पण के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य व व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना और शैक्षणिक दबाव के बीच संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था

मुख्य वक्ता के रूप में गुरलीन कौर चाने न्यू दिल्ली सॉफ्ट स्किल ट्रेनर, ब्रिटिश साइकोलॉजी सोसाइटी सदस्य को आमंत्रित किया गया था। प्रथम सत्र में वक्ता ने तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा उससे निपटने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लायंस क्लब भिलाई पिनेकल के सदस्य अंजना विनायक, नम्रता चाने, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा, डीन अकादमिक डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान वक्ता ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, ध्यान और जीवनशैली में संतुलन बनाए रखने के महत्व को सरल एवं प्रभावशाली ढंग से समझाया। गुरलीन ने बताया कि तनाव का स्रोत आपके शरीर या मन में हो सकता है। पर इसका असर आपके पूरे व्यक्तित्व पर पड़ता है। यदि आपके शरीर के किसी अंग में कोई दिक्कत हो तो आपका मन भी उससे जुड़ जाता है। जब तनाव बढ़ता है तो व्यवहार भी बदलने लगता है जिसका प्रभाव आपके आसपास रहने वाले लोगों के साथ आपके संबंधों पर भी पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों और व्याख्याताओं तथा प्राध्यापकों को कुछ आसान से अभ्यास करवाकर उन्हें हैप्पी हॉरमोन्स रिलीज करने के तरीके बताए।



## प्रधानमंत्री से संवाद का अविस्मरणीय अवसर केन्द्रीय विद्यालय की छात्राओं ने बढ़ाया गौरव



**दुर्ग।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की दो छात्राओं अदिति उपाध्याय एवं ख्याति साहू को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रत्यक्ष मुलाकात एवं संवाद करने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। यह भेंट परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित संवाद के दौरान संपन्न हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने परीक्षा, अध्ययन-दबाव और जीवन से जुड़े प्रश्न प्रधानमंत्री के समक्ष रखे। संवाद के दौरान दोनों छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर प्रधानमंत्री ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि सीखने और आत्ममूल्यांकन का अवसर मानने की प्रेरणा दी तथा सकारात्मक सोच, अनुशासन और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

इस अवसर को याद करते हुए छात्रा अदिति उपाध्याय ने बताया कि जब वह प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी लेने के लिए आगे बढ़ीं तो उन्हें संकोच हुआ। इस पर प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए सहजता से कहा- संकोच मत कीजिए और अत्यंत प्रसन्नता एवं आत्मीयता के साथ स्वयं सेल्फी खिंचवाई।

- मोबाइल से दूरी बनाकर बच्चों के साथ बिताएं अधिक समय : अलका बाघमार

## डीपीएस दुर्ग में बच्चों ने प्रस्तुतियों से दर्शाया पंचतत्वों के महत्व और प्रदूषण का प्रभाव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में शुक्रवार को प्राइमरी विभाग द्वारा ओपन डे अभिव्यक्ति का भव्य किया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार थी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें इंग्लिश प्ले, बिहू लोकनृत्य, रूस का अंतरराष्ट्रीय लोकनृत्य तथा नृत्य नाटिका आत्म मंथन पंचतत्व से आत्मबोध की ओर विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रस्तुति में पंचतत्वों के महत्व और प्रदूषण के प्रभाव को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कोऑर्डिनेटर प्राइमरी विभाग सपना चौधरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अलका बाघमार ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे मोबाइल से दूरी बनाकर बच्चों के साथ अधिक समय बिताएं तथा बच्चों पर अपने विचार थोपने के बजाय उनकी रुचि और प्रतिभा को पहचानकर भविष्य निर्माण में सहयोग करें। विद्यालय की डायरेक्टर पुनीता नेहरू ने विद्यार्थियों से कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के बीच सामंजस्य व विश्वास अत्यंत आवश्यक है।





उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सहभागिता पर बल देते हुए संस्कार और अनुशासन को बचपन से विकसित करने की आवश्यकता बताई। शाला प्रमुख छात्रा श्रेया भंडारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सीनियर मास्टर आरसी द्विवेदी, सपना चौधरी कोऑर्डिनेटर प्राइमरी विभाग सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



सिटी इवेंट

## देवांगन समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाया परमेश्वरी महोत्सव



**भिलाई।** देवांगन समुदाय ने अपनी संस्कृति एवं परंपरा को बनाए रखते हुए बेंगलुरू में परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया। ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की सामूहिक पूजा अर्चना कर उत्सव मनाया। समाज के घनश्याम कुमार देवांगन ने अपनी संस्कृति एवं परंपरा से जुड़े रहने की सराहना करते हुए आयोजकों एवं समाज के लोगों को बधाई प्रेषित की।

समारोह के आरंभ में गीना देवी ने माता परमेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। मनीषा देवांगन, मेघा देवांगन, चांदनी देवांगन एवं श्वेता देवांगन के नेतृत्व में सभी ने मां परमेश्वरी की आरती की। स्वागत उद्बोधन मनीष प्रियंका देवांगन ने दिया। इसके बाद करीब 60 परिवारों ने अपना-अपना परिचय दिया। महोत्सव में शामिल विवाह योग्य 15 युवक युवतियों ने भी उत्साहपूर्वक अपना परिचय दिया। जयेश देवांगन एवं शिवेन्द्र देवांगन के नेतृत्व में उपस्थित लोगों के लिए अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें कौन बनेगा परमेश्वरी महोत्सव की श्रेष्ठ जोड़ी, ट्रेजर हंट, किट्स ड्राइंग, पेंटिंग एवं नृत्य जैसे रोचक कार्यक्रमों ने समां बांधा। दिनेश देवांगन, साकेत देवांगन, घनश्याम देवांगन एवं भूपेंद्र देवांगन ने भोजन व्यवस्था संभाली। रश्मि देवांगन एवं श्वेता देवांगन ने सभी परिवारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष देवांगन एवं प्रियंका देवांगन तथा आभार प्रदर्शन प्रियतम देवांगन ने किया।



धर्म लाइव

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाले डॉ. पाणिग्रही सम्मानित



**दुर्ग।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्य के लिए डॉ. विश्वनाथ पाणीग्राही को सम्मानित किया गया। उनके द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पिछले दिनों आयोजित एक समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन लाल साहू के हाथों उन्होंने सम्मान ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त स्वच्छता के लिए नगर पालिक निगम द्वारा भी ब्रांड एंबेसेडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को सम्मानित किया गया। साथ ही दुर्ग जिले में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत नवभारत उल्लास एंबेसेडर के रूप में लोगों को पढ़ने एवं महापरीक्षा के लिए प्रेरित कर साक्षर बनने में योगदान के लिए ग्राम कोलिहापुरी में प्रधानाध्यापक सुनीती दुबे एवं उल्लास केंद्र प्रभारी अनिता वर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। सरपंच ईश्वर प्रसाद साहू ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कोलिहापुरी उल्लास केंद्र के दो नवसाक्षर ईश्वरी नेताम एवं कमला देशमुख तथा वीटी सुनीता साहू दिल्ली में सम्मानित हुई हैं।

## भिलाई-तीन में मूर्ति स्थापना महोत्सव 13 से





**भिलाई।** शिव हनुमान मंदिर, गतवा तालाब शांति पारा, वार्ड-3 में मूर्ति स्थापना के पावन अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 13 फरवरी शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथ होगी। 14 फरवरी शनिवार को विधि-विधान से मूर्ति स्थापना संपन्न की जाएगी। वहीं 15 फरवरी रविवार को जल अभिषेक, श्रृंगार पूजा और महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता को समर्पित है। समस्त कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के अनुसार संपन्न होंगे।

## लोक कला महोत्सव आज और कल रवेलीडीह में

**दुर्ग।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रवेलीडीह में लोक कला महोत्सव का कार्यक्रम 7 एवं 8 फरवरी को रखा गया है। इसमें अतिथि के रूप में ललित सेन, सतीश सेन एवं वीरेंद्र कुमार मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता माधोलाल देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत रवेलीडीह करेंगे। विशेष रूप से अमरिका साहू उप सरपंच, राजाराम पटेल सरपंच सोनेसरार मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन लोक कला महोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी रवेलीडीह द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है। इसे ध्यान रखते हुए ही इस बार भी आयोजन की तैयारी की गई है।

न्यू कॉलोनी पंचशील नगर में किया जा रहा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# राम-कृष्ण के जन्मोत्सव में रचा आध्यात्मिक इतिहास भागवत कथा के पांचवें दिन भक्ति-रस में डूबे भक्त

**दुर्ग।** न्यू कॉलोनी पंचशील नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस का दृश्य मानो साक्षात अयोध्या, गोकुल और मथुरा की पावन भूमि को जीवंत कर रहा था। इस दिव्य अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और आनंद के सागर में डूबा दिखाई दिया। इस पावन आयोजन की कथा वाचिका पूज्य देवी नंदिनी चौबे के श्रीमुख से प्रवाहित कथा ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कभी नेत्रों से अश्रुधारा बहाते दिखे तो कभी भक्ति रस में झूमते हुए प्रभु नाम का गुणगान करते रहे। पांचवें दिन की कथा का मुख्य विषय भगवान श्री राम जन्म एवं भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव रहा। जैसे ही भगवान श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, ताली, भजन और नृत्य के साथ जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया। वहीं भगवान श्री राम के जन्म प्रसंग पर भक्तों ने मर्यादा, आदर्श और सत्य के प्रतीक प्रभु राम के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।





### झांकी और कथा के माध्यम से युवा पीढ़ी को जोड़ना उद्देश्य

देवी नंदिनी चौबे जी ने कहा कि झांकी और कथा के माध्यम से आज की युवा पीढ़ी एवं बच्चों को हमारे सनातन संस्कारों से जोड़ना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है, जिससे उनमें धर्म, भक्ति और संस्कृति के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। आयोजन को सफल बनाने में आयोजक गोविंद देव महाराज जी, उनकी धर्मपत्नी सरस्वती देवी जी तथा समस्त न्यू कॉलोनी पंचशील नगरवासियों का सराहनीय योगदान रहा। पूरा क्षेत्र कई घंटों तक राधे-राधे और जय कृष्ण के जयघोष से गूंजता रहा और भक्तगण इस दिव्य अनुभूति को अपने हृदय में संजोकर लौटें।

### जब-जब होती धर्म की हानि, तब-तब होता है प्रभु का अवतार



देवी नंदिनी चौबे ने अपने ओजस्वी एवं भावनात्मक प्रवचन में कहा जब-जब होती है धर्म की हानि, जब-जब बढ़ता है अधर्म का अभिमान, तब-तब प्रभु धरते हैं अवतार, सज्जनों की पीड़ा हरते हैं भगवान। उन्होंने सुखदेव महाराज एवं राजा परीक्षित संवाद के माध्यम से बताया कि जब संसार में अधर्म, अन्याय और अहंकार बढ़ता है, तब प्रभु स्वयं अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं, दुष्टों का संहार करते हैं और भक्तों का उद्धार करते हैं। यही कारण है कि श्री राम और श्री कृष्ण का अवतार मानव समाज के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का स्रोत है। कथा श्रवण करते हुए श्रोतागण स्वयं को कभी अयोध्या की गलियों में, कभी गोकुल की गोद में और कभी मथुरा के कारागार के बाहर खड़ा हुआ अनुभव करने लगे। पारंपरिक सोहर, बधाई गीत, ढोलक, मंजीरा और भक्ति संगीत से पूरा कथा स्थल आनंद और उल्लास से सराबोर रहा।

### झांकियों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

इस अवसर पर प्रस्तुत भगवान की दिव्य झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक गोविंद देव महाराज जी द्वारा वासुदेव का वेश धारण कर प्रभु श्री कृष्ण को झांकी रूप में प्रस्तुत किया गया। साथ ही लाला हनुमान जी की सजीव छवि ने ऐसा प्रतीत कराया मानो साक्षात प्रभु भक्तों को दर्शन दे रहे हों। श्रद्धालुओं ने हाथ जोड़कर, नेत्रों में भक्ति भाव लिए झांकी के दर्शन किए। देवी नंदिनी चौबे ने राजा परीक्षित के प्रश्न भगवान के भक्त तो सभी हैं, फिर केवल वासुदेव जी एवं देवकी माता को ही प्रभु पुत्र रूप में क्यों प्राप्त हुए? का अत्यंत भावपूर्ण उत्तर दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व जन्मों में माता प्रीश्नी एवं ऋषि सूतपा ने हजारों वर्षों तक कठोर तपस्या कर भगवान श्री नारायण को पुत्र रूप में पाने का वरदान माँगा। प्रभु ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर तीन जन्मों में उन्हें पुत्र रूप में दर्शन दिए। पहले वामन अवतार में, फिर राजा दशरथ एवं माता कौशल्या के यहां राम के रूप में और अंततः द्वापर युग में माता देवकी एवं वासुदेव के यहाँ श्री कृष्ण के रूप में।

शपथ ग्रहण समारोह

## मोबाइल के उपयोग से बच्चे हो रहे संवेदनहीन बड़ों को उन्हें जागरूक करने की जरूरत



**दुर्ग।** ज्येष्ठ नागरिक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। दुर्ग मेयर अलका बाघमार ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में बुजुर्ग वृद्धाश्रम में रह रहे हैं। यह बड़े दुःख की बात है। यहां इस शपथ ग्रहण समारोह में इतनी बड़ी संख्या में बुजुर्गों ने मिल-जुलकर जो परिवार बनाया है, उसके लिए सभी को साधुवाद। महापौर ने इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए बधाई दी।




ज्येष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। इसी तारतम्य में संघ के आशीर्वाद भवन में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह महापौर अलका बाघमार की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। रजनी श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुरुआत हुई। संघ के अध्यक्ष सीएस पांडे ने सर्वप्रथम अपने उद्बोधन में महापौर अलका बाघमार, पार्षद संजय अग्रवाल, पार्षद लीलाधर, सरिता चंद्राकर, यमला साहू का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस संस्था की स्थापना 19 अप्रैल 1993 को हुई। उन्होंने संघ द्वारा संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर के अलावा जनहित में किए जा रहे कार्यों जैसे स्कूली बच्चों को स्कूल बस्ते, पठनीय सामग्री, आदिवासी अंचल में ठंड के दिनों में कंबल वितरण का उल्लेख किया। अलका बाघमार ने कहा कि आज के बच्चे संस्कार विहिन होते जा रहे हैं, घर के बुजुर्ग माता-पिता को वृद्धाश्रम में जाना पड़ रहा है। मोबाइल ने भी इन बच्चों को संवेदनहीन बना दिया है। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को महापौर अलका बाघमार ने शपथ दिलवाई। उपस्थित अतिथियों को संघ ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के अंत में सुधीर भालचंद्र पाटणकर ने उपस्थित अतिथियों, ज्येष्ठ नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ी सेवा समिति का कार्यक्रम

## वरिष्ठजनों की संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ के वर्तमान हालात पर की गई चर्चा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ी सेवा समिति के अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, रामसेवक वर्मा, अंतराम साहू तथा चुनशेवर प्रसाद साहू की ओर से अगासदिया परिसर भिलाई में छत्तीसगढ़ की वर्तमान स्थिति पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। चंदूलाल मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए विभिन्न साधनों और क्षेत्रों में काम करने वाले वरिष्ठजनों के बीच वैचारिक आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत वे आए हैं।

**अगासदिया परिसर में आयोजन**

रामसेवक वर्मा ने पृथक छत्तीसगढ़ पार्टी में काम करने का अपने पांच दशक पहले के अनुभव को सुनाते हुए कहा कि आज यह भावना नई पीढ़ी में कम है। चुनेश्वर प्रसाद साहू ने भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण की भयावह सम्भावनाओं पर चिंता व्यक्त किया। अंतराम साहू ने छत्तीसगढ़ की अस्मिता पर काव्य पाठ किया।

डॉ. परदेशीराम वर्मा ने इन दिनों अपने द्वारा लिखे जा रहे उपन्यास का एक परिच्छेद सुनाया। रामसेवक वर्मा ने कहा कि यह सिलसिला लगातार जारी रहेगा। वरिष्ठ नागरिक संघ की ओर से आयोजन संगोष्ठी में रिसाली इकाई के सदस्यों ने डॉ. परदेशीराम वर्मा को छतरी एवं अन्य उपहार भेंट किया। वरिष्ठ नागरिक संघ आमदी नगर के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

बैंक के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में रूंगटा और परिवर्तन पैनल आमने-सामने, 14 फरवरी को होंगे मतदान

# नागरिक सहकारी बैंक दुर्ग के डायरेक्टर के 9 पदों के लिए किया जाएगा मतदान, गणना के बाद होगा प्रत्याशियों का फैसला

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के कुल 12 में से 9 संचालक मंडल सदस्य पद (डायरेक्टर) का चुनाव मतदान के जरिए होगा। गुरुवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन यह चुनावी स्थिति स्पष्ट हुई। अनारक्षित वर्ग (सामान्य वर्ग) के 6 पदों के लिए प्रत्याशी मंगल प्रकाश गुप्ता, पवन कुमार जैन, अंजय ताम्रकार, आमबर ताम्रकार, मनोज कुमार ताम्रकार, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, दिनेश कुमार मारोटी, अखिलेश मिश्रा, राजेश यादव, वेंकट सांई शास्त्री राव, कमल नारायण रुंगटा, संजय सिंह चुनाव मैदान में हैं। इसी प्रकार सामान्य वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित दो पदों के लिए प्रत्याशी सुनीता अग्रवाल, रजनी जोशी, संध्या तिवारी, नीलू देवांगन के बीच मुकाबला होगा। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित एक पद पर पदम कुमार ताम्रकार और तेजबहादुर बंछोर के बीच आमने-सामने की टक्कर होगी। संचालक मंडल सदस्य (डायरेक्टर) के 9 पदों पर प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होने के साथ ही प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिए गए है। मतदान 14 फरवरी को श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन मोतीपारा में होगा।

### मतदान के तुरंत बाद होगी मतों की गणना, उसके बाद की जाएगी परिणामों की घोषणा

14 फरवरी को मतदान के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया है। मतदान उपरांत इसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल सदस्य (डायरेक्टर) पद के लिए हो रहे चुनाव में दो पैनल पहली बार आमने-सामने है। रुंगटा पैनल की कमान बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमल नारायण रुंगटा संभाले हुए है, जबकि परिवर्तन पैनल का नेतृत्व बैंक के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश यादव के जिम्मे में है। यह चुनाव दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। लिहाजा वे जीत के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं रखना चाहते है। जिससे दोनो पैनलों के प्रत्याशी चुनावी प्रचार-प्रसार में कूद पड़े है। जिसके चलते संचालक मंडल सदस्य (डायरेक्टर) पद के चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। बता दें कि नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल सदस्य (डायरेक्टर) पद के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव की गुरुवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन था। निर्धारित समय से पहले दो प्रत्याशी दीपक चावड़ा और रविशंकर भट्ट ने अपना नामांकन वापस ले लिया।



### निर्विरोध होने वाले प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई

चुनाव में प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होने के बाद निर्वाचन अधिकारी देवाशीष दास द्वारा निर्विरोध निर्वाचित प्रत्याशियों के नामों की भी घोषणा कर दी गई है। जिसके अनुसार सनदी लेखाकार (चार्टर्ड एकाउटेंट) के लिए आरक्षित दो पद के लिए श्रीपाल कोठारी और अरविंद चंद सुराना को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है,वहीं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित एक पद पर श्रीमती वसुन्धरा चौरे निर्विरोध निर्वाचित हुई है। रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास ने बताया कि बैंक के निर्वाचन के अंतिम चरण में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य सोसायटियों के प्रतिनिधियों व अन्य पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए 16 फरवरी को सूचना जारी की जाएगी। 20 फरवरी को शाम 4 बजे से बैंक मुख्यालय अस्पताल वार्ड पचरीपारा में पूरी की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### डॉ. शशि को ललित कला के क्षेत्र में डॉक्टरेट

**भिलाई।** चित्रकार एवं शिक्षिका डॉ. शशि प्रिया को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के 17वें दीक्षांत समारोह में चित्रकला (ललित कला) में डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। यह समारोह राज्यपाल रमेन डेका, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक अनुज शर्मा और कुलपति डॉ. लवली शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एएफटी रायपुर के दृश्य कला विभाग की संकाय सदस्य डॉ. शशि प्रिया ललित कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा से आती हैं। उनके पिता रिखी क्षत्रिय एक प्रसिद्ध लोक कला संग्राहक हैं, जिन्हें पारंपरिक लोक वाद्य यंत्रों के इतिहास और उपयोग का गहन ज्ञान है।

### अंजोरा स्कूल में शिक्षक को दी विदाई



**अंडा।** स्वामी आत्मानंद शास. हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंजोरा ख दुर्ग में व्याख्याता होरी लाल चतुर्वेदी के सेवानिवृत्त पर बिदाई समारोह का आयोजन प्राचार्य संगीता साहू के उपस्थिति में शाला के सभागार में किया गया। सम्मान उपरांत व्याख्याता होरी लाल चतुर्वेदी ने अपना अनुभव साझा। प्राचार्य संगीता साहू ने भी शुभकामनाएं दी।

### एक दिवसीय पंथी प्रतियोगिता आज

**जामुल।** ग्राम ढौर (जामुल) में जय सतनाम नवयुवक समिति ढौर भाटापारा के द्वारा एक दिवसीय भव्य पंथी प्रतियोगिता का आयोजन 7 फरवरी शनिवार को संध्या 7 बजे से ग्राम-ढौर भाटापारा रखा गया है। मुख्य अतिथि सरस्वती बंजारे जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष , जितेन्द्र यादव जिला पंचायत सभापति जिला पंचायत दुर्ग होंगी। अध्यक्षता अशोक कुमार मण्डारे जिला महंत करेंगे और विशेष अतिथि गोकुल वर्मा सभापति जनपद पंचायत दुर्ग , लता बलदाऊ साहू सरपंच ग्राम पंचायत ढौर ,घनश्याम साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत-खपरी अनिल बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत-खेदामारा आदि रहेंगे। आयोजक समिति जय सतनाम नवयुवक समिति एवं सतनामी समाज ग्राम-ढौर पदाधिकारी ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि कार्यक्रम से ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

### शिक्षामंत्री से सम्मानित हुए प्रधानपाठक साहू



**पाटन।** जिला शिक्षा विभाग एवं ओपन लिंक्स फाउंडेशन (ओएलएफ) के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षण उत्सव 2026 रोमन पार्क दुर्ग में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों, सतत नवाचारों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य के लिए प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू को शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव के हाथों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, सहायक संचालक सीमा नायक, जिला मिशन समन्वयक विनोद सिन्हा, एपीसी इंद्र कुमार रामटेके, एपीसी संजय कुमार राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ में राजू को मिली जवाबदारी



**कुम्हारी।** प्रदेश भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ सह-कोषाध्यक्ष पद पर सांसद प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद कुम्हारी के राजू निषाद की नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे, निश्चय वाजपेयी, गोल्डी गोस्वामी, कैलाश सोनकर, रामाधार शर्मा, राजकुमार सिंह, मिथिलेश आदि ने हर्ष जताया।

## दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छग का अधिवेशन देवरी ख में शुरू

# खेल महोत्सव व आदर्श विवाह के साथ तीन दिवसीय अधिवेशन का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम देवरी (ख) में दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज का 56 वा प्रांतीय अधिवेशन शुक्रवार को खेल महोत्सव व आदर्श विवाह के साथ शुरु हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे। खेल महोत्सव में दिल्लीवार प्रो कबड्डी का आयोजन हुआ जिसमें सभी 8 सर्किल के खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में चार जोड़ों का आदर्श विवाह भी हुआ।

अधिवेशन की शुरुआत में समाज के महापुरुषों व शिवाजी की पूजा अर्चना की गई और कुर्मी गान हुआ। इसमें युवा समिति द्वारा खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सभी सर्किलों के लिए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 8 सर्किल के खिलाड़ी शामिल हुए।

स्पर्धा में फूंडा सर्किल प्रथम व सुन्दरा सर्किल द्वितीय रहे। शुभारंभ अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन, उपाध्यक्ष बंटी हरमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओंकारेश्वर हरमुख, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, तेजराम देशमुख, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेंद्र हरमुख, मिलाप देशमुख, सुरेंद्र देशमुख, रूपेश देशमुख, युवा समिति अध्यक्ष हेमंत देशमुख, जंजगिरी सर्किल प्रधान अशोक भारदीय, सचिव महेंद्र दिल्लीवार, युवा समिति अध्यक्ष तमेश्वर देशमुख, ओम देशमुख, अनूप देशमुख, संदीप बेलचंदन, प्रमोद देशमुख, छगन देशमुख, मुरली मनोहर देशमुख, गुलाब बेलचंदन, पंकज दिल्लीवार, पावेंद्र देशमुख, आशीष दिल्लीवार, लिखनी देशमुख, भानू पिपरिया, धनंजय पिपरिया, बहादुर पिपरिया, दुमन देशमुख, डोमेंद्र देशमुख, चिंतामणि देशमुख आदि मौजूद रहे।

**खेल प्रतियोगिताओं में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर दी भागीदारी**



### तेलमाटी, चुलमाटी सहित किए गए मंत्रोच्चार



आयोजित आदर्श विवाह में तेलमाटी, चूल माटी तथा मायन में सभी लोग खूब नाचे। इसमें चार जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इनमें नंदनी थनौद संग दिलेश्वर भटगांव, सुरुचि तिरगा संग ऋतुराज डंडेसरा, टिकेश्वर भेड़सर संग हेमलता सकरौद, पूजा रिसाली संग भूपेंद्र भानपुरी का विवाह हुआ। केंद्रीय महिला समिति की अध्यक्ष प्रीती देशमुख, सचिव पुष्पा पिपरिया, जंजगीरी सर्किल महिला समिति अध्यक्ष ईश्वरी देशमुख, सचिव श्यामाबाई देशमुख, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा देशमुख, उपाध्यक्ष रेवती वर्मा, सह सचिव ममता देशमुख, आशा देशमुख, सुनीता बेलचंदन, केवरा देशमुख, सुमन देशमुख, थलेश्वरी, प्रेम देशमुख, ललिता देशमुख, ओम देशमुख, खिलेश्वरी देशमुख, लेखा बेलचंदन, ईश्वरी देशमुख, लेखा देशमुख, कुसुम देशमुख, नागेश्वरी देशमुख, रेणुका देशमुख, विजय लक्ष्मी देशमुख, सविता देशमुख, तीरथ देशमुख, पौमिन देशमुख आदि सक्रिय रहीं।

### 16 लोगों ने किया रक्तदान

आयोजन के दौरान युवा समिति द्वारा रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें 16 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में केशव बंटी हरमुख, भानू पिपरिया, शेषनारायण, उत्तम यादव, संदीप देशमुख, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, विवेक गौतम, आशीष दिल्लीवार, मुरली मनोहर, कुणाल देशमुख, द्वारिका वर्मा, धनेश्वर देशमुख आदि रहे। रक्तदान एकत्र करने आशीर्वाद ब्लड बैंक भिलाई का स्टाफ मौजूद रहा।

## गीता जीवन का सार : भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

■ कोसरिया यादव समाज ने मनाई गीता जयंती

कोसरिया यादव समाज रानीतराई सर्किल ने बेलौदी में गीता जयंती का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जय यादव जय माधव का जय घोष किया। उन्होंने समाज हित में कार्य करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। अध्यक्षता कर रहे लच्छी राम यादव अध्यक्ष, कोसरिया यादव समाज सर्किल रानीतराई ने सभी अतिथियों का स्वागत उद्बोधन करते हुए सामाजिक संगठन को सुदृढ़ बनाने के संदेश दिया। मंच में विक्रम यादव संरक्षक, कोसरिया यादव समाज सर्किल रानीतराई,विशिष्ट अतिथि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग, नोमिन हितेश ठाकुर सदस्य, जिला पंचायत दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर, शंकर बघेल पूर्व सदस्य खाद्य बीज निगम दुर्ग, देवकुमार निषाद पूर्व सदस्य, मछुवारा कल्याण बोर्ड, कौशल चन्द्राकर उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, दीपमाला विजय जैन, दिनेश साहू सदस्य, जनपद पंचायत पाटन, हुकुमचंद निषाद, सरपंच आदि उपस्थित थे।

## भगवान श्रीराम का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत : कीर्ति नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



त्रि दिविसिय सस्वर मानस गायन प्रतियोगिता में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान अपने संबोधन में श्रीमती

■ पुरुष वर्ग में प्रथम सुयश मानस मण्डली भेलवाकुदा रहा

कीर्ति नायक ने कहा कि-भगवान श्रीराम का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पहले रामायण समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रथम द्वितीय मंडली को पुरुस्कार प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता में 26 मंडलियों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें पुरुष वर्ग में प्रथम सुयश मानस मण्डली भेलवाकुदा, द्वितीय मुक्ता मानस परिवार खुर्सीपार भिलाई, तृतीय संगीत मानस मण्डली निपानी, चतुर्थ शिव शक्ति मा. परिवार खम्हरिया, पंचम सरस्वती या मण्डली बैजलपुर, विशेष पुरुस्कार टीका श्रध्दा सुमन मानस परिवार बनबगौद, हारमोनियम शिव शंकर मानस परिवार थनौद अभनपुर, तबला सुर श्रृंगार मा. परिवार गातापार, वेशभूषा नवनीत मानस मण्डली कोथरेल, महिला वर्ग में प्रथम रेशमी मानस परिवार बिरकोनी (महासमुंद), द्वितीय मां गौरी बालिका मा.मं. अरौद (धमतरी), तृतीय शारदा महिला मा. मं. रामपुर भखारा ,चतुर्थ जय माँ मनकेसरी म. मा मण्डली तहकापार, विशेष पुरुस्कार व्याख्या जय गां. शारदा म-मा. मं. डोटोवार, हारमोनियम रेशमी मानस परिवार बिरकोनी, तबला माँ गौरी बालिका मा मं. अरौद, वेशभूषा जय अम्बे म-मा.मं. बरभाठा (फिंगेश्वर), मंडली विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में मंच संचालाक युगल किशोर साहु समिति अध्यक्ष अशोक यादव, सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहु, पुर्व सरपंच खेमिन साहु, ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, कृष्ण कुमार साहु, विष्णु प्रसाद वर्मा, रमेश देवांगन, अशोक जैन, सुभाष बंछोर, अश्वनी शुक्ला तारेंद्र बंछोर, नारायण ठाकुर, दिलीप बंछोर आदि उपस्थित थे।

## गातापार में कबीर संत सत्संग समारोह 9 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

श्री कबीर शांति निकेतन गातापार में 9 फरवरी से स्मृति शेष साध्वी कालिंदी देवी एवं ब्रम्हचारी गोवर्धन दास की स्मृति में त्रि दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह रखा गया है। 11 फरवरी तक आयोजित कबीर संत सत्संग में मुख्य प्रवक्ता संत अमोही साहेब,संत शिवम साहब एवं संत गुरुमुख साहब के मुखारविंद से कबीर की वाणी संदेश प्रवाहित होगी।

अनेकों कबीर संत एवं भक्त गण इस संत समागम में जीवन कल्याण का मार्ग श्रवण करेंगे। आश्रम के आयोजक संत नियम दास एवं संत हीरम दास ने बताया कि सुबह 10 से 12 बजे एवं 4 बजे से 6 बजे तक आयोजन होंगे। साध्वी दामिन देवी, भक्त समाजसेवी त्रिभुवन गौटिया , अर्जुन गौटिया ,गणेश राम साहू ,कोमल साहू, शत्रुहन साहू पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू आदि ने अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की है।

## रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

पायोनियर कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कुल उतई का 25 वां पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण) थे। विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र बंजारे सरपंच डुमरडीह व भुनेश्वर प्रसाद साहू सरपंच ग्राम पतोरा साथ में स्कूल के डायरेक्टर अमित मिश्रा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अध्यक्षता सरस्वती नरेंद्र साहू अध्यक्ष नगर पंचायत उतई ने की। संचालन प्रीति मिश्रा ने किया। समारोह को सफल बनाने में हरजीत कौर, केमिका साहू, नोमीन ठाकुर, सरोज ठाकुर, नीलिमा साहू, छाया साहू, हीना देवांगन, सविता यादव, पुष्पा साहू, एकता पटेल, धात्री साहू, नीरा, लक्ष्मी, चन्द्रिका, गौरव साहू और अन्य स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



## उल्लास नवसाक्षर मेला में बढ़-चढ़कर जुटे ग्रामीण

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया में प्राथमिक माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से उल्लास नवसाक्षर मेला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत हिंदी अंग्रेजी और गणित विषयों से संबद्ध बड़े अक्षरों ,अंकों वाले चार्ट,पोस्टर एवं पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। ज्यामितीय आकृतियों के प्रतिदर्श एवं नवसाक्षरों के लिए उपयोगी सामग्री का प्रदर्शन किया गया। साक्षरता जागरूकता के लिए बनाया गया सेल्फी प्वाइंट ग्रामीणों एवं बच्चों के लिए उल्लास मेले का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष आनंद चंद्राकर और सरपंच खुमान निषाद रहे।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मनाया सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन, पाटन के तत्वावधान में आज स्थानीय विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) पाटन में 'नव वर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल वर्मा प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ थे। अध्यक्षता राजेश चटर्जी संभाग प्रभारी, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ ने की। विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर चन्द्राकर प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन और जागेन्द्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाटन थे। स्वागत भाषण में फेडरेशन की संगठनात्मक जानकारी महेन्द्र कुमार साहू संयोजक ने दी।

## अंचल की खबरें

### हर्षोल्लास के साथ मनाई रविदास जयंती



**पाटन।** पाटन के वार्ड क्रमांक 9 में जगतगुरु संत रविदास की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इससे पहले महिलाओं ने भव्य रैली निकाली। पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने जयकारों के साथ पूरे वार्ड का भ्रमण किया। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने रैली की सराहना करते हुए कहा कि संत रविदास के संदेश आज भी समाज को एकता और समानता का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में लहरी परिवार और वार्ड वासियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप सेःरूपेश लहरी, राजू लहरी, तरुण बिजोरा राधे श्याम लहरी, मोहन लहरी, चंदन लहरी अजय लहरी, किशोर लहरी, ब्रज लहरी लक्की लहरी सहित समाज के वरिष्ठ जन और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया।

### भरदा में मनरेगा से ग्रामीणों को मिला रोजगार



**अंडा।** ग्राम पंचायत भरदा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत विकास एवं स्वच्छता कार्य निरंतर जारी है। योजना के अंतर्गत गांव की नालियों की साफ-सफाई कराई जा रही है, जिससे जल निकासी सुचारू हो सके और स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही सड़क किनारे उगे छोटे-छोटे पौधों व झाड़ियों की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे मार्ग सुरक्षित और सुगम बने। इन कार्यों से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है और गांव की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिला है। सरपंच सुनीता जयप्रकाश भारदीय ने बताया कि मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक जरूरतमंद ग्रामीणों को काम उपलब्ध कराने के साथ-साथ गांव के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच सुनीता जयप्रकाश भारदीय, मरेगा मजदूर चनद्रिका, बेदिया बाई, प्रीति देशमुख, रमा देशमुख, पुष्पा, गणेश्वरी, नेहा देशमुख आदि उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक डाहरे ने सपरिवार देखी संसद की कार्यवाही



**नंदिनी-अहिवारा।** अहिवारा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजमहंत सांवला राम डाहरे ने सपरिवार नई दिल्ली में संसद के दर्शक दीर्घा में बैठकर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर होने वाली धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा कार्यवाही का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गौरव का विषय रहा। अभिभाषण पर हुई चर्चाओं से राष्ट्र में समावेशी विकास के साथ आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का संकल्प परिलक्षित हुआ। संसद की कार्यवाही स्थगित होने के बाद चांपा जांजगीर लोक सभा क्षेत्र के सांसद कमलेश जांगड़े से सौजन्य भेंट किया। साथ में पत्नी हिन्दी बाई डाहरे, बेटी मनीषा, दामाद सुनील और पुत्र समीर डाहरे आदि मौजूद थे।

### बाल विवाह मुक्त गांव की दिलाई शपथ



**सेलूद।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं स्वास्थ्य केंद्र मुड़पार को संचेती फाउंडेशन ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की। फाउंडेशन ने केंद्र को दो फाउलर बेड, मैट्रेस तथा एक एग्जामिनेशन टेबल भेंट किया, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल सकेगी। संचेती फाउंडेशन का उद्देश्य सामाजिक कार्यों और जनसेवा के माध्यम से आम जनता को लाभ पहुंचाना है। इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान गांव को बाल विवाह मुक्त रखने की शपथ भी दिलाई गई, जिससे सामाजिक जागरूकता का संदेश प्रसारित हुआ।इस अवसर पर डी. विश्वनाथन,आसिफ मुजावर,नागेंद्र शर्मा,सरपंच भानूमति तिवारी, बालकिशोर, लोचन यादव, शत्रुहन यादव, किशन भारती, भैरव, टीकाराम यादव, आरोग्य केंद्र के स्टाफ सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने संचेती फाउंडेशन के इस सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

### राज्य स्तरीय स्वर मानस गान सम्मेलन आज से

**अंडा।** ग्राम गांधी नगर अण्डा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय स्वर मानस गान सम्मेलन का आयोजन 7 और 8 फ़रवरी को किया गया है। कार्यक्रम के शुभारम्भ के मुख्य अतिथि (पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण) ताम्रध्वज साहू, विशिष्ट अतिधि जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग राकेश ठाकुर,जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा,राकेश हिरवानी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्ग, केशव बंटी हरमुख, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस देवेन्द्र देशमुख, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्राकर,जनपद सदस्य, अजित चन्द्राकर,सरंपच ग्राम पंचायत अण्डा दिग्विजय सिन्हा उपस्थित रहेंगे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर का बजट पर संवाद आज



**दुर्ग।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में मध्य प्रदेश के धार की लोकसभा सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर महिलाओं से संवाद करेंगी। महिला संवाद का कार्यक्रम 7 फरवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, मंत्री गजेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन, सांसद विजय बघेल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी सहित सभी विधायक, महापौर, सभापति और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने 17 मंडल के मातृ शक्तियों को आमंत्रित किया गया है।

### 12 फरवरी को प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एक और लाटरी का ऐलान किया गया है। जिसके तहत अनेक नागरिको को स्वयं का आवास पाने का सौगात मिलेगा। इस योजना का उददेश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों और मध्यवर्गीय वर्ग के लोगों को सस्ती दरों पर घर उपलब्ध कराना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 12 फरवरी को समय 12:30 बजे निगम मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आवास आबंटन की लाटरी आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। आवेदन करने के बाद पात्र हितग्राहियों को लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किया जायेगा और आवास आबंटित किया जायेगा। सरकार का उददेश्य हर नागरिक को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देना है। इस योजना से हर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र टेनिस स्पर्धा के लिए बीएसपी टीम का चयन

**भिलाई।** क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा यह चयन स्पर्धा बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स, सिविक सेंटर 8 और 9 फरवरी को शाम 6 बजे से आयोजित की जाएगी। चयन स्पर्धा में इच्छुक संयंत्रकर्मी एवं माइंस के कार्यपालक और गैर-कार्यपालक 4 बजे तक चययनकर्ता बीएल के पास अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। मौर्य और प्रवीन उपाध्याय द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### एसएमएस 3 में ब्लूम वाटिका का उद्घाटन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप3 के डिस्पैच प्रवेश द्वार के समीप हरित उद्यान 'ब्लूम वाटिका' का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी टी. बैठा व महाप्रबंधक डी विजिथ की टीम ने अनुपयोगी व अव्यवस्थित स्थल को उपयोगी, पर्यावरण-अनुकूल वाटिका में रूपांतरित किया। सीजीएम प्रमोद कुमार,पुष्पा एम्ब्रोस सहित विभाग के अधिकारी एसके मिश्रा, पी सतपथी पीके अग्रवाल, मनीष स्वर्णकार, अजित नारायण, अतुल बेंडाले आदि उपस्थित थे।

---

मार्च के अंतिम हफ्ते से होगी शुरुआत, छत्तीसगढ़ शासन और आईआईटी भिलाई के बीच हुआ एमओयू

# दुर्ग अब से आईटी हब, 40 मल्टीनेशनल कंपनियां स्टार्टअप को करेंगी प्रमोट, एआई व रोबोटिक्स के सेक्टर में होगा काम, मिलेगा रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग शहर आगामी दिनों में आईटी का बड़ा हब बनने जा रहा है। इसे लेकर बड़ी छलांग लगाई है। 40 से ज्यादा मल्टी नेशनल कंपनियों ने दुर्ग में बनने वाले आईटी पार्क में अपना सेंटर खोलने के लिए रूचि दिखाई है। इसके लिए आईआईटी भिलाई और छत्तीसगढ़ शासन के बीच एमओयू भी हुआ है। उक्त कंपनियों ने भी अनुबंध किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और मंत्री गजेंद्र यादव की मौजूदगी में 28 कंपनियों ने इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ये कंपनियां सिविल लाइन स्थित वर्किंग वुमन हॉस्टल में अपना सेंटर खोलेंगी, जिसे शासन ने जगह उपलब्ध कराई है। आईटी पार्क तक पहुंचने के लिए केनाल पर ही एक एप्रोच रोड की स्वीकृति ली गई है, जल्द ही इसका काम शुरू होगा। इस मार्ग के विकसित होने से जीई रोड से फिल्टर प्लांट होते हुए सीधे आईटी पार्क तक पहुंचा जा सकेगा। वहीं यह सड़क न्यू पुलिस लाइन होते हुए जेल तिराहा से रुआबांधा सड़क की ओर खुलेगी। बता दें कि 24 नवंबर को आईटी पार्क संचालन को लेकर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू पर आधिकारिक हस्ताक्षर हुए थे। इसके बाद से कवायद की जा रही थी। अब मल्टीनेशनल कंपनियों ने आईटी पार्क में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। आईटी पार्क में जुड़ी सभी सेवाएं और रोजगार एक ही जगह पर उपलब्ध होगी। पार्क में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, एआई, रोबोटिक्स, फिनटेक, डेटा एनालिटिक्स और स्टार्टअप गतिविधियों पर विशेष फोकस किया जाएगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि आईटी पार्क के जरिए दुर्ग अब तकनीकी हब बनकर उभरेगा। युवाओं को रोजगार, प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक सीखने के अवसर यहीं मिलेंगे।



### रोजगार के साथ प्रशिक्षण, रिसर्च, स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने से होगी रोजगार में वृद्धि

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि आईटी पार्क की स्थापना दुर्ग जिले और प्रदेश के युवाओं के भविष्य से जुड़ा एक बड़ा और दूरगामी कदम है। यह पार्क न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि शिक्षा, प्रशिक्षण, रिसर्च और स्टार्टअप संस्कृति को भी नई दिशा देगा। आने वाले समय में दुर्ग-भिलाई को एक सशक्त टेक्नोलॉजी और नवाचार केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। आईटी पार्क में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, सूचना प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स, फिनटेक, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे स्थानीय कंपनियों को कुशल तकनीकी संसाधन उपलब्ध होंगे और युवा प्रतिभाओं को बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिलेगा। आईटी पार्क की स्थापना से दुर्ग-भिलाई न केवल छत्तीसगढ़ का, बल्कि मध्य भारत का एक प्रमुख तकनीकी और डिजिटल विकास केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### आईटी पार्क में मल्टीफंग्शनल हॉल, मेस जैसी सुविधाएं

मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि भवन में 40 बड़े ऑफिस रूम, 5 मल्टीफंक्शन हॉल, मेस, और सुरक्षा के लिए पूरी बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी। हर ऑफिस में कंपनियों के संचालन के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतिभा हर जगह है, लेकिन अवसरों की कमी के कारण लोग बाहर जाते हैं। आईटी पार्क युवाओं के पलायन को रोकने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। दुर्ग में आईटी पार्क रोजगार पैदा करने में काफी अहम कड़ी साबित होगा। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि आईटी पार्क के शुरू होने से न सिर्फ रोजगार बढ़ेगा, बल्कि दुर्ग-भिलाई में डिजिटल इकोसिस्टम भी मजबूत होगा। स्थानीय कंपनियों को स्किल्ड मैनपावर मिलेगा और यहां के युवा वैश्विक मानक की तकनीकों पर काम कर सकेंगे।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे करीब 7 एकड़ की जगह चिन्हित

मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि दुर्ग शहर के इतिहास में नया अध्याय जुड़ गया है। आईटी पार्क के स्थापना के लिए आईआईटी भिलाई और 40 नामी आईटी कंपनियों के बीच एमओयू किया गया है। यह आईटी पार्क कामकाजी महिला हॉस्टल मालवीय नगर में मार्च माह के अंत तक शुरू होगा। शुरुआती चरण में आईटी पार्क के माध्यम से करीब 400 युवाओं को रोजगार मिलेगा। आगामी समय में यह आईटी पार्क दुर्ग शहर के पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे स्थित करीब 7 एकड़ भू-भाग पर अपने नए भवन में पूर्ण रुप से संचालित होगा। पीडब्लूडी के रेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों इस आईटी पार्क का उद्घाटन किया गया।

---

# भिलाई स्टील हाफ मैराथन में कल भाग लेंगे हजारों धावक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश देने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रविवार को भिलाई स्टील हाफ मैराथन" ( 21. 9) का आयोजन शहीद वीर नारायण सिंह जयंती स्टेडियम में किया जा रहा है। 21.09 किलोमीटर, 10 किमी तथा 5 किमी की श्रेणियों में दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। हाफ मैराथन का फ्लैग-ऑफ सुबह बजे, 10 किलोमीटर दौड़ का 6.30 बजे व 5 किमी दौड़ का 6.45 बजे निर्धारित है। दौड़ जयंती स्टेडियम में समाप्त होंगी। 3 हजार धावकों ने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी स्वास्थ्य और फिटनेस को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के संकल्प के साथ दौड़ में सहभागिता करेंगे। कुल 8 लाख रुपये का नकद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। हाफ मैराथन का मार्ग जयंती स्टेडियम से प्रारंभ होकर इंडियन ऑयल चोपड़ा पेट्रोल पंप से टर्न लेते हुए मेन गेट, रेल चौक सर्कल, रिसाली, तालपुरी चौक होते हुए पुनः जयंती स्टेडियम में समाप्त होगा। 10 किमी दौड़ का मार्ग जयंती स्टेडियम से शुरु होकर जवाहर पार्क सर्कल, सेल परिवार चौक, रेल चौक सर्कल, रिसाली रोड टर्न पॉइंट (भिलाई निवास रोड के समीप), रशियन कॉम्प्लेक्स से इसी स्टेडियम में समाप्त होगी। 5 किलोमीटर दौड़ का मार्ग जयंती स्टेडियम से प्रारंभ होकर फॉरेस्ट एवेन्यू रोड, जवाहर पार्क सर्कल होते हुए 2.5 किलोमीटर के टर्न पॉइंट से वापस जयंती स्टेडियम में समाप्त होगा।

■ रुट डायवर्जन व संभावित ट्रैफिक जाम क्षेत्र की आयोजकों ने दी जानकारी

### ट्रैफिक प्रबंधन व संभावित ट्रैफिक जाम क्षेत्र

आयोजन के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नगर के कुछ मार्गों पर अस्थायी ट्रैफिक नियंत्रण एवं रूट डायवर्जन लागू रहेगा। इस अवधि में इन मार्गों एवं चौराहों पर वाहन आवागमन प्रभावित होने तथा ट्रैफिक जाम की संभावना रहेगी— फॉरेस्ट एवेन्यू रोड पर चोपड़ा पेट्रोल पंप की ओर दायाँ मोड़ एवं यू-टर्न, जवाहर उद्यान चौक, जेपी सीमेंट चौक, बोरिया गेट चौक, मेन गेट चौक (फॉरेस्ट एवेन्यू), इक्विपमेंट चौक (सेंट्रल एवेन्यू), बीएसएनएल चौक, भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 चौक, आई लव भिलाई चौक सेक्टर-5, सेल परिवार चौक, रेल चौक से भिलाई निवास जंक्शन की ओर बायाँ मोड़ एवं पुनः रेल चौक की ओर यू-टर्न, स्टील क्लब चौक सेक्टर-8, सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक, तालपुरी चौक, पंथी चौक, डीपीएस चौक, चोपड़ा पेट्रोल पंप क्रॉसिंग तथा फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग से जयंती स्टेडियम के पीछे जाने वाला मार्ग। इस दौरान आयोजन कर्ताओं ने लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है । इस दौरान किसी भी तरह की चिकित्सकीय जरूरत के लिए एम्बुलेंस के आवागमन हेतु मार्ग खाली रखकर सहयोग करें ।

---

# बायोगैस प्लांट को लेकर बढ़ा तनाव, चार पार्षद सहित कुरूदवासियों ने किया घंटों चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुरूद बस्ती वार्ड 22 में कंप्रेस्ड बॉयोगैस प्लांट (सीबीजी प्लांट) बनाने को क्षेत्र के लोग आक्रोषित हैं। लोग इस प्लांट को वहां न लगाने को लेकर पिछले 10 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को कुरूद की पार्षद अनिता साहू, पार्षद नेहा साहू, उषा शर्मा और अंजू सिन्हा सहित सौकड़ों की संख्या में महिलाओं और लोगों ने कुरूदे से बोगदा पुलिया को जाने वाली रोड में चक्का जाम कर दिया। लोग लगभग दो घंटे तक चक्का जाम कर प्रदर्शन करते रहे। जाम की सूचना मिलते ही सीएसपी छावनी और जामुल थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोग निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय को बुलाने पर अड़े रहे। एक घंटे बाद आयुक्त, जोन 2 की आयुक्त येशा लहरे के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाईश दी, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी। निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने कहा कि सीबीजी प्लांट स्थापना के लिए वो अपने सुझाव दें। वो उन सुझाव के साथ कलेक्टर की अध्यक्षता में शनिवार को सुबह उनके सामने चर्चा करेंगे। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने उसने समझाया और दोपहर दो बजे से शुरू हुआ चक्का जाम दो घंटे के बाद शाम 4 बजे खत्म हुआ।

■ निगम आयुक्त ने आधे घंटे तक प्रदर्शनकारियों को समझाया फिर बैरंग लौटे



### सभी की सहमति से अंतिम निर्णय

भारतीय पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल ) द्वारा कुरूद क्षेत्र में प्रस्तावित कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट की स्थापना को लेकर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के साथ विस्तार से चर्चा की। उनका कहना है कि प्रोजेक्ट की स्थापना और प्रक्रिया को लेकर फैली कुछ भ्रांतियों और तकनीकी गलतफहमी के कारण स्थानीय स्तर पर विरोध देखा जा रहा था। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन संवाद के माध्यम से सभी शंकाओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है। **प्रेजेंटेशन भी देंगे प्लांट का:** कलेक्टर द्वारा भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को परियोजना के तकनीकी पहलुओं, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की कार्यप्रणाली, पर्यावरण पर इसके प्रभाव और इसके लाभों के संबंध में एक विस्तृत प्रेजेंटेशन देने के लिए भी निर्देशित किया गया है। प्रेजेंटेशन देखने और समझने के पश्चात सभी पक्षों को चर्चा करने और अपने सुझाव व आपत्तियां रखने का पूर्ण अवसर देंगे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी समिति

बायोगैस स्थापना को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में अधिकार संपन्न उच्चस्तरीय समिति का गठन राज्य शासन द्वारा किया गया है। समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय दंडाधिकारी, बीपीसीएल के विशेषज्ञ अधिकारी, क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### विरोध प्रदर्शन के मुख्य बिंदु

**स्थान का विरोधः** रहवासियों ने प्लांट के लिए चुनी गई जगह का विरोध किया है क्योंकि यह सुंदर विहार कॉलोनी के पास है, जहाँ बच्चे और परिवार रहते हैं।

**स्वास्थ्य और पर्यावरण का डरः** प्रदर्शनकारियों को डर है कि पूरे शहर का कचरा यहाँ जमा होने से गंदगी, दुर्गंध और जानलेवा बीमारियां फैल सकती हैं।

**आंदोलन की स्थितिः** वार्ड की महिलाएं, स्थानीय निवासी और चार पार्षद पिछले कई दिनों से टेंट लगाकर विरोध कर रहे हैं।

**प्रशासन से मांगः** महिलाएं प्लांट को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने या रद्द करने की मांग कर रही हैं।

**विधायक का आश्वासनः** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्लांट स्थल का निरीक्षण किया है और निवासियों की सहमति के बिना काम न करने का आश्वासन दिया है।

---

# हड़ताल को लेकर यूनियनें कर्मियों को कर रहीं जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार के 4 श्रम संहिताओं के खिलाफ 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में सफल बनाने के लिए श्रमिक यूनियनें कर्मियों को जागरुक कर रही हैं। प्लांट और टाउनशिप में परचों हैंडबिल व बैठकों से लेबर कोड से होने वाले नुकसान से अवगत कराते हुए हड़ताल को सफल बनाने की अपील कर रही हैं।सीटू ने कहा कि सरकार निजीकरण को मजबूत करने और अपने करीबी पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के मकसद से कर्मचारियों के काम के घंटे की परिभाषा बदल रही है। सीटू नेताओं ने कहा कि एक तरफ कहा जा रहा है कि सप्ताह में 48 घंटे से ज्यादा कार्य नहीं कराया जाएगा वहीं दूसरी तरफ एक दिन में 12 घंटे तक भी काम करने का प्रावधान किया जा रहा है। काम के घंटे के लिए लिखे गए कानून में सब कुछ गोलमोल किया गया है।केंद्र सरकार ने 12 घंटे के कार्य दिवस को पर कहा है कि ऐप्रोपिएट गवर्नमेंट समय-समय पर इसका निर्धारण कर सकती है। कार्य दिवस में आराम देने वाले समय को अलग करके काम करने वाले समय को ही कार्य दिवस में लिए जाने की बात कही जा रही है। एक कर्मचारियों को लगातार 3 घंटा कार्य करने के बाद 2 घंटे का आराम दिया जाए उसके बाद 3 घंटा काम कर फिर 2 घंटे आराम दिया जाए उसके बाद फिर 2 घंटा काम कराया जाए तो उक्त कर्मचारी को 12 घंटा काम के लिए रोक लिया जाएगा। लेकिन कार्य के घंटे 8 ही गिने जाऐंगे।सीटू नेताओं ने कि जब देश का कानून आठ घंटे के बजाय 12 घंटे के कार्य दिवस को लागू करेगा तब भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों के साथ स्थाई कर्मी पर यह नियम लागू किया जाएगा और हवाला दिया जाएगा कि यह देश का कानून है जो सब पर एक समान लागू होगा।



■ सीटू ने कहा- पूंजीपतियों के लिए सरकार बदल रही काम के घंटे की परिभाषा

### आवास योजना का 10 प्रतिशत राशि सेवा निधि खाते में भेजेगा निगम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका(कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बन्धन तथा शर्तें) नियम, 2013 में किए गए प्रावधान अनुसार ईडब्ल्यूएस भूमि प्रदान करने के बदले आश्रय शुल्क गरीबों की सेवा निधि के नाम से पृथक बैंक खाते में जमा करने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 128-ग अनुसार उक्त सेवा निधि की राशि का उपयोग स्लम बस्तियों एवं आवासहीन व्यक्तियों को सुविधाएं प्रदान करने में किया जा सकता है। निगम के विगत बजट में गरीबों की सेवा निधि से व्यय के लिए 3 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन द्वारा भी गरीबों की सेवा निधि की राशि के समुचित उपयोग के लिए निगम प्रशासन से पत्राचार किया गया है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए गए बजट प्रावधान की सीमा में प्रधानमंत्री आवास योजना, सबके लिए आवास मिशन,एएचपी घटक अंतर्गत 31 मार्च 2026 तक की अवधि में 90 प्रतिशत राशि जमा करने वाले हितग्राहियों को प्रोत्साहनस्वरूप 10 प्रतिशत अंशदान गरीबों की सेवा निधि से प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है।

# कृषि प्रशिक्षण संस्थान का कृषि आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कार्यालय क्षेत्रीय कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान रूआबांधा जिला दुर्ग में कृषि उत्पादन आयुक्त सहला निगार के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक गोपिका गबेल , उपसंचालक कृषि रीति तिवारी उप संचालक कृषि जिला दुर्ग संदीप भोई, गढेवाल , मोहन साहू , पुष्पा राजेंद्रन, श्री अंबादे एवं समस्त कार्यालय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । निरीक्षण के दौरान परिसर में नवनिर्मित कृषक प्रशिक्षण हाल एवं कृषक छात्रावास भावनों के निर्माण की सराहना करते हुए नवनिर्मित भवनों का अति शीघ्र लोकार्पण कर किसानों एवं मैदानी अम्लों का प्रशिक्षण प्रारंभ करने हेतु जिलों में संचालित कुछ प्रशिक्षकों को संस्थानों में आयोजित करने निर्देश दिए गए। इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम मॉडल, प्राकृतिक खेती का मॉडल तैयार करने भी क्षेत्रीय संचालक कृषि प्रसार एवं प्रशिक्षण संस्थान को निर्देश दिए गए। मृदा में उचित तत्वों के प्रबंधन हेतु क्लस्टर के आधार पर मृदा नमूनों का संकलन एवं परीक्षण कर प्राप्त मृदा स्वास्थ्य पत्रक के आधार पर उर्वरक उपयोगिता के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने हेतु उपसंचालक दुर्ग को कहा गया । ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसलों का रकबा परिवर्तन करने में दुर्ग संभाग की प्रगति सराहनीय है इसमें और अधिक विस्तार के निर्देश दिए गए । अंत में कृषि उत्पादन आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन श्रीमती सहलानीगर के द्वारा कार्यालय परिषर में पौधारोपण किया गया।

---

बाहर की कंपनियों की मोनोपली से कई छोटे उद्योग बंद होने की कगार पर

# सिमट रहा बीएसपी पर निर्भर औद्योगिक क्षेत्र, काम की कमी से जूझ रहे उद्योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पचास साल पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विकसित भिलाई का प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र अब सिमट रहा है। काम की कमी और निजीकरण के दबाव का खामियाजा छोटे और सहायक उद्योगों को (एमएएसएमईएस) भुगतना पड़ रहा है। सेल बीएसपी और राज्य सरकार की लगातार उदासीनता अधिकतर उद्योगों पर भारी पड़ रही है। उद्यमियों के मुताबिक यदि जल्द स्थानीय और बाहर के उद्योगों के बीच काम को लेकर भेदभाव खत्म नही किया गया तो बदहाली के चलते लघु और सहायक उद्योगों में पूरी तरह तालाबंदी की स्थिति आ जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही साठ के दशक में औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना की गई थी। इनमें करीबन आधा दर्जन हैवी इंडस्ट्री थी जबकि करीबन 3 सौ लघु,सहायक और मध्यम उद्योग स्थित थे। सभी उद्योगों को बीएसपी के लिए स्पेयर पार्ट्स बनाने के लिए बीएसपी प्रबंधन आर्डर यानी काम देता है। यानी छोटे और सहायक उद्योग बीएसपी पर निर्भर हैं और बीएसपी के विकास में इनका भी योगदान है। लेकिन पिछले कुछ सालों से काम (इंक्वायरी ) देने में बीएसपी की उपेक्षा और बाहर के बड़े उद्योगों को मोनोपली के कारण यहां के अधिकतर उद्योग माली हालत से गुजर रहे हैं। उद्यमियों के मुताबिक बीएसपी के उद्योगों को टेंडर देने की पालिसी में बदलाव,उद्योग संघ के प्रबंधन पर दबाव नहीं बना पाने के कारण वर्तमान में अधिकतर एमएसएमईएस बीएसपी से मिलने वाले काम यानी आर्डर की कमी से जूझ रहे हैं। यहां स्थित 2 सौ छोटे व सहायक उद्योगों में खानापूर्ति के लिए कुछ उद्योगों को ही काम मिल रहा है। । छोटे व सहायक उद्योगों को 5 फीसदी काम भी नही मिल रहा है। इसके चलते अधिकतर उद्योग बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं।

### पॉलिसी में बदलाव से बदहाली

कुछ साल पूर्व तक बीएसपी की पालिसी आर्डर को लेकर स्थानीय छोटे और सहायक उद्योगों को साथ लेकर चलने की थी। लेकिन काम देने की प्रक्रिया में बदलाव और देश में निजीकरण के दबाव के चलते स्थानीय उद्योग हाशिए पर और बाहर के बड़े उद्योग फ्रंटलाइन में आ गए हैं। औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के अनुसार 90 प्रतिशत आर्डर बाहर के बड़े उद्योगों को दिए जा रहे हैं। बीएसपी के सारे काम ग्लोबल या जैम टेंडर में डाल दिए जाने से बाहर की कंपनियां अधिकतर आर्डर पर कब्जा करती जा रही हैं । पहले कांट्रेक्ट सेल से स्थानीय उद्योगों को कुछ आर्डर मिलने से सर्वाइव कर रहे थे लेकिन ठेकेदारी प्रथा के चलते उद्यमियों को इससे भी वंचित होना पड़ रहा है। उद्यमियों ने बताया कि सहायक उद्योग संघ के अपरिवपक्वता के चलते विभागीय अधिकारियों पर दबाव नहीं बना पाने से पर्याप्त आर्डर नहीं मिल रहे हैं। पर्याप्त काम के लिए भरसक दबाव की जरुरत है।



### पीथमपुरा की तरह होना था विकसित

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को बढ़ावा देने के लिए अब तक राज्य सरकारों ने इन्वेस्टमेंट से लेकर इसे दिल्ली का पीथमपुरा या गाजियाबाद औद्योगिक क्षेत्र की तरह विकसित करने की खूब घोषणा और वादे किए । सरकारों की भी घोर उपेक्षा से औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर बदलना तो दूर अब तालाबंदी की नौबत आने लगी है। केंद्र के पैकेज से लेकर छग सरकार की उद्योग नीति टैक्स, कच्चे माल, लोन रियायत,सिंगल विंडो और बिजली आदि सुविधाओं को लेकर विसंगतिपूर्ण होने से स्थानीय उद्यमी निराश हैं। उद्यमियों के मुताबिक भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए बीएसपी के साथ राज्य व केंद्र सरकार को जमीनी प्रयास करने की जरुरत है।

